CS (Main) Exam,2021

HXS-U-SOCY

# समाजशास्त्र / SOCIOLOGY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| निर्धारित समय : **तीन घंटे**<br>Time Allowed : **Three Hours** | अधिकतम अंक : **250**<br>Maximum Marks : **250** |
|---|---|

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

## Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following questions in about 150 words each :** ***10×5=50***

(a) यूरोप पहला और एकमात्र स्थान था जहाँ आधुनिकता का उदय हुआ । टिप्पणी कीजिए ।
Europe was the first and the only place where modernity emerged. Comment. *10*

(b) क्या आप यह समझते हैं कि नृजातीय-पद्धतिशास्त्र, विश्वसनीय और वैध डेटा (आँकड़े) प्राप्त करने में हमारी मदद करता है ? अपने उत्तर का औचित्य साबित कीजिए ।
Do you think ethnomethodology helps us in getting reliable and valid data ? Justify your answer. *10*

(c) जनगणना पद्धति के माध्यम से डेटा (आँकड़े) एकत्रित करने में आने वाली चुनौतियों की चर्चा कीजिए ।
Discuss the challenges involved in collecting data through census method. *10*

(d) स्पष्ट कीजिए कि क्या दुर्खीम का श्रम विभाजन का सिद्धान्त आज के संदर्भ में प्रासंगिक है ।
Explain whether Durkheim's theory of Division of Labour is relevant in the present day context. *10*

(e) मैक्स वेबर के सामाजिक स्तरीकरण सिद्धान्त का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।
Critically examine Max Weber's theory of Social Stratification. *10*

**Q2.** (a) बहुविषयकता के बढ़ते महत्त्व के दृष्टिकोण से आप समाजशास्त्र को अन्य सामाजिक विज्ञानों से कैसे सम्बन्धित मानते हैं ?
From the viewpoint of growing importance of multidisciplinarity, how do you relate sociology to other social sciences ? *20*

(b) सामाजिक वास्तविकता को समझने के लिए प्रत्यक्षवादी दृष्टिकोण का उपयोग करने में समाजशास्त्रियों को कहाँ तक उचित ठहराया जा सकता है ? उपयुक्त दृष्टांतों के साथ समझाइए ।
How far are sociologists justified in using positivist approach to understand social reality ? Explain with suitable illustrations. *20*

(c) समाजशास्त्र, सामान्य बुद्धि से कैसे सम्बन्धित है ?
How is sociology related to common sense ? *10*

**Q3.** (a) गुणात्मक और मात्रात्मक विधियाँ, कैसे समाजशास्त्रीय जाँच में एक-दूसरे की पूरक हैं ?

How do qualitative and quantitative methods supplement each other in sociological enquiry ? *20*

(b) कार्ल मार्क्स द्वारा प्रतिपादित उत्पादन की प्रत्येक विधि में शामिल द्वंद्वात्मकता का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the dialectics involved in each mode of production as propounded by Karl Marx. *20*

(c) क्या आप मैक्स वेबर के इस विचार से सहमत हैं कि नौकरशाही में लोहे का पिंजरा बनने की क्षमता है ? अपने उत्तर का औचित्य साबित कीजिए ।

Do you agree with Max Weber's idea that bureaucracy has the potential to become an iron cage ? Justify your answer. *10*

**Q4.** (a) सामाजिक गतिशीलता की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए । शिक्षा और सामाजिक गतिशीलता एक-दूसरे से कैसे सम्बन्धित हैं, उसका उपयुक्त दृष्टांतों के साथ वर्णन कीजिए ।

Explain the concept of social mobility. Describe with suitable illustrations how education and social mobility are related to each other. *20*

(b) 'घर से काम करने' के विचार ने हमें काम के औपचारिक और अनौपचारिक संगठन को पुनःपरिभाषित करने के लिए कैसे मजबूर किया है ?

How has the idea of 'Work From Home' forced us to redefine the formal and informal organisation of work ? *20*

(c) आर.के. मर्टन द्वारा प्रतिपादित, एक समाज में अनुरूपता और विचलन कैसे सह-अस्तित्व में रहते हैं, उपयुक्त उदाहरणों के साथ इसकी व्याख्या कीजिए ।

With suitable examples, explain how conformity and deviance coexist in a society as propounded by R.K. Merton. *10*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) अनौपचारिक क्षेत्र में लैंगिक समानता स्थापित करने में उभरती चुनौतियों की व्याख्या कीजिए ।

Explain the emerging challenges in establishing gender equality in the informal sector. *10*

(b) वर्तमान परिदृश्य में विल्फ्रेडो पारेटो के अभिजात-वर्ग के परिभ्रमण के सिद्धान्त की प्रासंगिकता का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the relevance of Vilfredo Pareto's theory of Circulation of Elites in the present scenario. *10*

(c) धर्म पर ई.बी. टायलर और मैक्स मूलर के विचारों की आलोचनात्मक रूप से तुलना कीजिए ।

Critically compare the views of E.B. Tylor and Max Muller on Religion. *10*

(d) पंथ क्या है ? समकालीन दुनिया में पंथों की वृद्धि की व्याख्या कीजिए ।

What is cult ? Explain the growth of cults in the contemporary world. *10*

(e) क्या आपको लगता है कि टैलकॉट पार्सन्स के द्वारा दिया गया सामाजिक परिवर्तन का सिद्धान्त पर्याप्त है ? अपने उत्तर का औचित्य साबित कीजिए ।

Do you think Talcott Parsons gave an adequate theory of social change ? Justify your answer. *10*

**Q6.** (a) हाल ही में 'लॉकडाउन अवधि' के दौरान प्रवासी श्रमिकों के सामने आई मुख्य समस्याओं और चुनौतियों की विशद व्याख्या कीजिए ।

Elucidate the main problems and challenges faced by the migrant labourers in the recent 'Lockdown period'. *20*

(b) अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए राजनीतिक दलों और दबाव समूहों के बीच किस प्रकार के द्वंद्वात्मक सम्बन्ध होते हैं, व्याख्या कीजिए ।

Explain how political parties and pressure groups are dialectically related to each other in terms of achieving their goals. *20*

(c) वर्तमान संदर्भ में धार्मिक पुनरुत्थानवाद के विकास पर अपनी टिप्पणी दीजिए ।

Give your comments on the growth of religious revivalism in the present day context. *10*

**Q7.** (a) वर्तमान संदर्भ में परिवार और कार्यस्थल पर पितृतंत्र का प्रतिरूप (पैटर्न) कैसे बदल रहा है, समझाइए ।

Explain how the pattern of patriarchy is being altered in a family and at the workplace in the present context. *20*

(b) वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को समझने में आश्रितता सिद्धान्तों के योगदान का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the contribution of dependency theories in understanding the present global scenario. *20*

(c) समकालीन दुनिया में नृजातीयता के बढ़ते महत्त्व को दृष्टांतों के साथ समझाइए ।

Explain the growing salience of ethnicity in the contemporary world with illustrations. *10*

**Q8.** (a) समकालीन विश्व में नातेदारी सम्बन्धों की बदलती हुई प्रकृति की विवेचना कीजिए ।

Discuss the changing nature of kinship relations in the contemporary world. *20*

(b) कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने हेतु हमें सक्षम बनाने में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका का वर्णन कीजिए ।

Describe the role of Science and Technology in enabling us to face the challenges triggered by the COVID-19 pandemic. *20*

(c) लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिक समाज की भूमिकाओं और कार्यों पर प्रकाश डालिए ।

Highlight the roles and functions of civil society in a democratic system. *10*

15